

दो खिलाड़ी जिन्हें मैं सभी प्रारुपों में शीर्ष पर रखूंगा। वे हैं रवाड और बुमराह। लेकिन सभी प्रारुपों के मामले में जो सबसे अलग होगा वह बुमराह है। सभी प्रारुपों के लिए उसकी अनुकूलन क्षमता काफी अच्छी है और हर कोई उसके बारे में बात करता है। **एलन डोनाल्ड**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज, भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में

आज का खिलाड़ी

शॉन टैट



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट ने बुधवार को कहा कि वह बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। 21 जनवरी से शुरू होने वाली बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में चटगांव चैलेंजर्स के तेज गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे टैट ने कहा कि बिल्कुल वह निश्चित रूप से इस पद के लिए दिलचस्प हैं। हाल ही में अफगानिस्तान टीम के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर चुके टैट ने यह भी कहा कि बीसीबी को यह सोचने के लिए कुछ समय चाहिए कि वह किसके साथ जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह बहुत अच्छा काम होगा।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

बावुमा और डेर के शतकों से जीता द.अफ्रीका

भारत को 31 रनों से हराया

पार्ल, 19 जनवरी। कप्तान तेम्बा बावुमा (110) और रैसी वान डेर डुसेन (नाबाद 129) के शानदार शतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 204 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले वनडे में बुधवार को 31 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 50 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन ही बना पायी। भारत एक समय दो विकेट पर 152 रन बनाकर जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद भारत ने 62 रन जोडकर अपने छह विकेट गंवा दिए। भारत का स्कोर आठ विकेट पर 214 रन हो गया और उसकी हार तय हो गयी।

भारत ने 46 रन की ठोस शुरुआत की लेकिन कप्तान लोकेश राहुल 12 रन बनाकर एडन मारक्रम की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गए। शिखर धवन ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। शिखर ने 84 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 79 रन बना लिए थे लेकिन लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

कप्तानी से मुक्त होने के बाद खेल रहे विराट ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया लेकिन इसके बाद वह चाइनामैन गेंदबाज तबरेज शम्सी की गेंद पर बावुमा के हाथों लपके गए। विराट ने 63 गेंदों पर 51 रन में तीन चौके लगाए। विराट का विकेट गिरते ही भारत का संघर्ष भी समाप्त हो गया। ऋषभ पंत 16 और श्रेयस अय्यर 17 रन बनाकर आउट हुए। पदार्पण मैच खेल रहे वेंकटेश अय्यर दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शार्दुल ठाकुर ने एकतरफा संघर्ष करते हुए हार का अंतर कम किया। ठाकुर ने आखिरी गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर 43 गेंदों में 50 और जसप्रीत बुमराह 23 गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगिसानी एनगिडी, तबरेज शम्सी और एंडिले फेहुक्वायो ने दो-दो विकेट हासिल किये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने खराब शुरुआत की और 68 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। यानेमन मलान छह रन बनाने के बाद जसप्रीत बुमराह की गेंद विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों लपके गए। क्विंटन डी कॉक 27 रन बनाकर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि एडन मारक्रम चार रन बनाकर रन आउट हो गए। इस नाजुक हालत में बावुमा और वान डेर ने समझदारी के साथ बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों को संभल कर खेला। दोनों बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किये। बावुमा ने अपना दूसरा शतक बनाया जबकि वान डेर ने भी दूसरा शतक बनाया। वान डेर ने अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया। बावुमा को बुमराह ने आउट किया।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका	रन	गेंद	4	6
क्विंटन डी कॉक बो अश्विन	27	72	2	0
यानेमन मलान का पंत बो बुमराह	06	21	1	0
तेम्बा बावुमा का राहुल बो बुमराह	110	200	8	0
एडन मारक्रम रन आउट	04	10	0	0
वैन डर डुसेन अविजित	129	150	9	4
डेविड मिलर अविजित	02	12	0	0
अतिरिक्त :	18			

कुल: 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन
विकेट पतन: 1-19, 2-58, 3-68, 4-272
गेंदबाजी:-जसप्रीत बुमराह 10-0-48-2, भुवनेश्वर कुमार 10-0-64-0, शार्दुल ठाकुर 10-1-72-0, रविचंद्रन अश्विन 10-0-53-1, युजवेंद्र चहल 10-0-53-0

भारत				
लोकेश का डी कॉक बो मारक्रम	12	17	0	0
शिखर धवन बो महाराज	79	84	10	0
विराट कोहली का बावुमा बो शम्सी	51	63	3	0
ऋषभ स्टं डी कॉक बो फेहलुकवायो	16	22	1	0
श्रेयस का डी कॉक बो एनगिदी	17	17	1	0
वेंकटेश का वान डर डुसेन बो एनगिदा	02	7	0	0
रविचंद्रन अश्विन बो फेहलुकवायो	07	13	0	0
शार्दुल ठाकुर अविजित	50	43	5	1
भुवनेश्वर कुमार का बावुमा बो शम्सी	04	11	0	0
जसप्रीत बुमराह अविजित	14	23	1	1
अतिरिक्त:	10			

कुल: 50 ओवर में आठ विकेट पर 265
विकेट पतन: 1-46, 2-138, 3-152, 4-181, 5-182, 6-188, 7-199, 8-214
गेंदबाजी:एडन मार्क्रम 6-0-30-1, मार्को यानसन 9-0-49-0, केशव महराज 10-0-42-1, लुंगी एनगिदी 10-0-64-2, तबरेज शम्सी10-1-52-2, एनडिले फेहलुकवायो 5-0-26-2

न्यूजीलैंड का ऑस्ट्रेलिया दौरा स्थगित

क्राइस्टचर्च, 19 जनवरी। न्यूजीलैंड के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को न्यूजीलैंड की क्वारंटीन आवश्यकताओं और सीमा नियंत्रण के कारण अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इसकी पुष्टि की। यह दौरा 24 जनवरी से नौ फरवरी तक निर्धारित था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, न्यूजीलैंड की टीम क्वारंटीन आवश्यकताओं के मद्देनजर समय पर स्वदेश लौट सके, इसके लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दौरे को लंबा करने के प्रस्ताव के बावजूद सरकार ने आज पुष्टि की कि उसके पास इस अनुरोध को पूरा करने की क्षमता नहीं है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)
Email: ID-mandawari.jaipur@gmail.com

क्रमांक- न.पा.म./22/750 **आम सूचना** दिनांक-19.1.22

SBM Urban स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत नगर पालिका मण्डावरी को ODF घोषित किया जा चुका है इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/सार्वजनिक संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव पेश करना हो तो अपने सुझाव/आपत्ति आगामी 07 दिवस में पालिका कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते है। आपके सुझावों/आपत्तियों का निराकरण यथाशीघ्र करने की कार्यवाही की जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डावरी

pnb Together for the better
सर्किल शास्त्रा कार्यालय: जे-2, झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर
मो.8306007567 ई-मेल: :cs8244@pnb.co.in Annexure-1 (Revised SI-4)

ऋणीयों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को 60 दिवस का नोटिस

To, दिनांक: 31.12.2021

मैसर्स होटल राज इन (प्रोप. श्री सुरेश कुमार शर्मा)
प्लॉट नं. 3, बैनाड़ रोड, दादी का फाटक,
जयपुर-302039 (ऋणी फर्म)

श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री राम दयाल शर्मा प्लॉट नं. 296, प्रताप नगर विस्तार, सीकर रोड, जयपुर-302013 (प्रोपराईटर)	श्री रामदयाल शर्मा पुत्र श्री कल्याणसहाय शर्मा प्लॉट नं. 296, प्रताप नगर विस्तार, सीकर रोड, जयपुर-302013 (जमानतदार)
श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री राम दयाल शर्मा प्लॉट नं. 296, प्रताप नगर विस्तार, सीकर रोड, जयपुर-302013 (जमानतदार व बंधककर्ता)	मैसर्स शर्मा इण्डस्ट्रीज (जरिए इसके प्रोप. श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री रामदयाल शर्मा) प्लॉट नं. एच-481 (बी) स्कीम रीको इण्ड्रीयल एरिया, सरना डूंगर (झोटवाड़ा एक्टेंशन) झोटवाड़ा, जयपुर (जमानतदार)
मैसर्स शर्मा इण्डस्ट्रीज (जरिए इसके प्रो. श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री राम दयाल शर्मा प्लॉट नं. 296, प्रताप नगर विस्तार, सीकर रोड, जयपुर-302013 (जमानतदार व बंधककर्ता)	श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री राम दयाल शर्मा) प्लॉट नं. एच-481 (बी) स्कीम रीको इण्ड्रीयल एरिया, सरना डूंगर (झोटवाड़ा एक्टेंशन) झोटवाड़ा, जयपुर (जमानतदार व बंधककर्ता)

श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री राम दयाल शर्मा
पता: प्लॉट नं. 297, स्कीम 16 व 16-जी, सिन्धु नगर, मुरलीपुरा, जयपुर (जमानतदार व बंधककर्ता)

प्रिय महोदय
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस।
संदर्भ:खाता संख्या: 0767009300028004 एवं 076700IL00000359 मैसर्स होटल राज इन श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामदयाल शर्मा (प्रोपराईटर) 1. श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री रामदयाल शर्मा (जमानतदार व बंधककर्ता), 2. श्री रामदयाल शर्मा पुत्र श्री कल्याण सहाय शर्मा (जमानतदार) ने उधार सुविधाओं का उपयोग किया। उपर्युक्त उधारकर्ता ने निम्नलिखित ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है:

क्र. सं.	सुविधाएं	सीमा	बकाया राशि दिनांक 30.11.2021 तक (30.11.2021 तक ब्याज सहित)
1.	टर्म लोन खाता सं. 0767009300028004	रू. 1,80,00,000/-	Rs. 1,61,26,659.40
2.	GECL 076700IL00000359	रू. 33,00,000/-	Rs. 34,23,535.00
		कुल	Rs. 1,95,50,194.40

किश्तों/ब्याज/मूल ऋण के भुगतान में चूक होने पर भारतीय रिजर्व बैंक की मार्गदर्शिका के अनुसार 28.09.2021 को गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने उपरोक्त सुविधाओं के तहत ब्याज एवं अन्य शुल्कों के साथ पूरे बकाया को वापस लेने/वापस बुलाने की दिनांक 21.10.2021 के मांग पत्र में की है।
दिनांक 30.11.2021 को बैंक के बकाया रू. 1,95,50,194.40 (रूपये एक करोड़ पिच्यानवे लाख पचास हजार एक सौ चौरानवे एवं चालीस पैसे मात्र) दिनांक 01.12.2021 से आगे का ब्याज एवं अन्य आकस्मिक खर्चे + आगे का ब्याज सहित कुल भुगतान होने तक बकाया है। (यहां इसे आगे प्रतिभूत ऋण के नाम से संबोधित किया गया है) उपरोक्त सुविधाओं के अन्तर्गत बकायों को प्रतिभूत करने के लिये निम्नलिखित संपत्तियों/आस्तियों के संदर्भ में प्रतिभूति हित सृजित किया है।

क्र. सं.	सुविधाएं	प्रतिभूति
1 2.	टर्म लोन खाता सं. 0767009300028004 GECL 076700IL00000359	1. साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी अंग व अंश गठित होते जो श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री रामदयाल शर्मा के नाम से प्लॉट नं. एच-481 (बी) स्कीम रीको औद्योगिक क्षेत्र, सरना डूंगर (झोटवाड़ा एक्सटेंशन-II) झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित, जिसका क्षेत्रफल: 889.00 वर्गमीटर,

सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. एच-481 (ए), दक्षिण: 18 मीटर चौड़ी रोड, पूर्व: प्लॉट नं. जे-482-ए व बी, पश्चिम: 30 मीटर चौड़ी रोड, 2. साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी अंग व अंश गठित होते जो श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री रामदयाल शर्मा के नाम से प्लॉट नं. 297 स्कीम 16 व 16-जी, सिन्धु नगर, मुरलीपुरा, जयपुर में स्थित, जिसका क्षेत्रफल: 355.57 वर्गगज, सीमाएं- उत्तर: 40 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 296, पूर्व: 80 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम: अन्य प्लॉट

हम आपसे रू. 1,95,50,194.40 (रूपये एक करोड़ पिच्यानवे लाख पचास हजार एक सौ चौरानवे एवं चालीस पैसे मात्र) दिनांक 31.11.2021 तक व दिनांक 0.1.12.2021 से आगे का ब्याज एवं अन्य आकस्मिक खर्चे, लागते एवं प्रभार पूर्ण भुगतान होने की तिथि तक की राशि को 60 दिवस (साठ दिन) के भीतर पुर्नभुगतान करने की मांग करते है जिसमें चूक होने पर कानून के अंतर्गत बैंक उपलब्ध शक्तियों के अनुप्रयोग के अतिरिक्त, बैंक वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति प्रवर्तन की धारा 2002 (यहां इसे आगे उक्त धारा से संबोधित किया गया है)
अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उपलब्ध समस्त अथवा किसी एक शक्ति का प्रयोग करेगा। आपके प्रतिभूत ऋणों के भुगतान न किये जाने पर बैंक द्वारा प्रवर्तनीय प्रतिभूत आस्तियों का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	सुविधाएं	प्रतिभूति
1 2.	टर्म लोन खाता सं. 0767009300028004 GECL 076700IL00000359	1. साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी अंग व अंश गठित होते जो श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री रामदयाल शर्मा के नाम से प्लॉट नं. एच-481 (बी) स्कीम रीको औद्योगिक क्षेत्र, सरना डूंगर (झोटवाड़ा एक्सटेंशन-II) झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित, जिसका क्षेत्रफल: 889.00 वर्गमीटर,

सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. एच-481 (ए), दक्षिण: 18 मीटर चौड़ी रोड, पूर्व: प्लॉट नं. जे-482-ए व बी, पश्चिम: 30 मीटर चौड़ी रोड, 2. साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी अंग व अंश गठित होते जो श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी श्री रामदयाल शर्मा के नाम से प्लॉट नं. 297 स्कीम 16 व 16-जी, सिन्धु नगर, मुरलीपुरा, जयपुर में स्थित, जिसका क्षेत्रफल: 355.57 वर्गगज, सीमाएं- उत्तर: 40 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 296, पूर्व: 80 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम: अन्य प्लॉट
प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिय उपलब्ध समय के संदर्भ मे ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता हैं।"
कृपया सूचित रहे कि उप अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो में आप इस नोटिस की पावती के उपरान्त किसी भी उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूत आस्ति को बिना बैंक की लिखित सहमति के विक्रय, पट्टे या अन्य किसी प्रकार से (सामान्य व्यवहार की दशा के अतिरिक्त) हस्तांतरित नही कर सकेंगे। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि इस वैधानिक निषेधाज्ञा/नियंत्रण में कोई भी उल्लंघन होने पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। यदि किसी भी कारण से प्रतिभूत आस्तिया सामान्य व्यवहार की दशा में बेची अथवा पट्टे पर दी जाती है तो विक्रय आगम अथवा आय जो वसूल की गई है वह बैंक में जमा करायी जानी चाहिए। आपको ऐसी वसूली/आय हेतु यथोचित लेखाकर्म प्रस्तुत करना होगा।
*हम अन्य प्रतिभूत संपत्तियों के प्रवर्तन का हमारा अधिकार आरक्षित रखते है। कृपया इस नोटिस के अन्तर्गत की गई मांग का अनुपालन करे तथा समस्त परेशानियों से दूर रहे। गैर-अनुपालन की दशा में उठाये जाने वाले आवश्यक कदम हेतु समस्त लागतों एवं परिणामों के लिये आपको उत्तरदायी ठहराया जायेगा। यह नोटिस बैंक द्वारा बिना किसी पक्षपात के डीआरटी/न्यायालय के समक्ष किसी भी स्थिति में कानूनी कार्यवाही हेतु निर्गमित किया गया है। भवदीय,
वास्ते पंजाब नैशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी

भारत अंडर 19 टीम के छह सदस्य कोरोना से संक्रमित

मुंबई, 19 जनवरी। वेस्ट इंडीज में चल रहे अंडर 19 विश्व कप में बुधवार सुबह आयरलैंड के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी मैच से पहले भारत की 17 सदस्यीय टीम के छह सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और चयन से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमित पाए गए खिलाड़ियों में सिद्धार्थ यादव, मानव परख, वासु वत्स, कप्तान यश धुल, आराध्य यादव और एसके रशीद शामिल हैं। बोर्ड स्थिति पर नजदीकी नजर रख रहा है और मैनेजमेंट तथा कोचिंग ठ्रुप के संपर्क में है। संक्रमित पाए गए खिलाडी आइसोलेशन में रहेंगे। भारत ने इसके बावजूद मैच खेला और 50 ओवर में पांच विकेट पर 307 रन बनाये।

स्मृति को आईसीसी की महिला टी-20 टीम ऑफ द ईयर में जगह

दुबई, 19 जनवरी। भारतीय स्टार महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2021 की महिला टी-20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया है।

आईसीसी ने बुधवार को अपनी 2021 की महिला टी-20 टीम की घोषणा की, जिसका कप्तान इंग्लैंड की स्टार ऑलराउंडर नेट साइवर को बनाया गया है, जबकि उनकी हमवतन एमी जोन्स को विकेटकीपर चुना गया है। इस टीम में स्मृति मंधाना के रूप में केवल एक ही भारतीय खिलाड़ी शामिल है, जबकि इंग्लैंड के पांच खिलाड़ी मौजूद हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के तीन, एक आयरलैंड और एक जिम्बाब्वे का खिलाड़ी चुना गया है।उल्लेखनीय है कि स्मृति 2021 में नौ टी-20 मैचों में 31.87 के औसत से 255 रन बना कर टी-20 प्रारूप में भारत की सर्वाधिक रन स्कोरर रहीं थी।

हनफमैन को हरा नडाल तीसरे दौर में

मेलबोर्न, 19 जनवरी। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्पेन के राफेल नडाल ने बुधवार को यहां जर्मनी के यानिक हनफमैन को लगातार सेटों में हरा कर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। नडाल ने मेलबोर्न के रॉड लेवर एरिना में दो घंटे 42 मिनट तक चले मैच में हनफमैन को लगातार सेटों में 6-2, 6-3, 6-4 से पराजित किया। 30 वर्षीय हनफमैन ने काफी सफल ड्रॉप शॉट और ग्राउण्ड स्ट्रोक खेले, जिसकी बदौलत उन्हें पांचवें गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट हासिल करने का मौका मिला, लेकिन वह इस मौके को भुनाने में विफल रहे। जवाब में नडाल ने आक्रामक खेल दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट हासिल किया और एक शानदार वॉली से 4-2 की बढत ले ली। इसी तरह उन्होंने दो अंक हासिल कर 6-2 से पहला सेट अपने नाम किया। हनफमैन ने फिर दूसरे सेट के पहले दो सर्विस गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन नडाल ने फिर से आक्रामकता दिखाते हुए शानदार शॉट्स के जरिए 5-3 की बढत बना ली। बाद में एक और अंक लेते हुए उन्होंने 6-3 से दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में हनफमैन ने नडाल को अच्छी चुनौती दी, लेकिन अंत में नडाल ने यह सेट भी 6-4 से जीत लिया। उल्लेखनीय है कि 35 वर्षीय नडाल का अगला मुकाबला या तो 28वीं वरीयता प्राप्त रूस के करेन खाचानोव से होगा, जिनके नाम यहां 7-0 का रिकॉर्ड है, या फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा।

तीसरे दौर में पहुंची एश्ले बार्टी:- विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने बुधवार को रॉड लेवर एरिना में इटली की क्वालीफायर लूसिया ब्रोंजेटी को हराकर वर्ष के पहले ठौंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। बार्टी ने 52 मिनट में ब्रोंजेटी पर 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की। अगले दौर में उनका सामना इटली की कैमिला जियोर्जी से होगा।

बार्टी ने कहा कि यह बिल्कुल अविश्वसनीय था। मुझे लगता है कि हमने एडिलेड में अच्छी तैयारी की है। उन्होंने कहा हमने अच्छा खेल खेला, हम वास्तव में कुछ कठिन मैचों का सामना करने लिए तैयार थे और कोच क्रेग टायजर मास्टर हैं... हम अपने टेनिस का आनंद ले रहे हैं।

बार्टी और ब्रोंजेटी दोनों ने 14-14 बेजां भूलें कीं , लेकिन युवा इतालवी खिलाड़ी मैदान से ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर का मुकाबला नहीं कर सकी। ब्रोंजेटी ने जापान के नाओ हिबिनो को हराकर अपने पहले ठौंड स्लैम ड्रॉ में जगह हासिल की थी।

बोपन्ना और सानिया युगल मैच में हारे:-भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा को ऑस्ट्रेलियन ओपन में बुधवार को युगल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। इंडो-फ्रेंच पुरुष युगल जोड़ी बोपन्ना और एडवर्ड रोजर वैसेलिन को किआ एरिना में एक घंटे 48 मिनट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले क्रिस्टोफर रंगकट और ट्रीट ह्यू की जोडी से 3-6, 7-6 (2), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल बोपन्ना ने एटीपी 250 एडिलेड इंटरनेशनल खिताब जीत कर टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। महिला युगल में भारतीय टेनिस खिलाडी सानिया मिर्जा ने यूक्रेन की नादिया केचिनोक नादिया विक्टोरिवना के साथ मिलकर जोडी बनाई थी।

उनको भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। भारत-यूक्रेन की जोडी काजा जुवान और तमारा जिदानसेक की स्लोवेनियाई जोडी के खिलाफ शुरुआती मैच में 4-6, 6-7 (5) से हार गई। रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा दोनों ठौंड स्लेम में अभी भी बने हैं। उन्हें मिश्रित युगल में भाग लेना है। गौरतलब है कि मिर्जा ने अमेरिका के राजीव राम के साथ जोडी बनाई है। वह 20 जनवरी को अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि बोपन्ना ने क्रोएशिया की दरिजा जुराक श्राइबर के साथ जोडी बनाई है।

2022 के बाद संन्यास लेंगी सानिया मिर्ज़ा

मेलबोर्न, 19 जनवरी। भारतीय स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने बुधवार को 2022 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की।

उन्होंने बुधवार को यहां साथी नादिया किचेनोक के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल के पहले दौर में हारने के बाद घोषणा की कि 2022 उनका आखिरी सीजन होगा, क्योंकि उनका शरीर कमजोर हो रहा है और रोजमर्रा की जिंदगी के लिए प्रेरणा और ऊर्जा अब पहले जैसी नहीं रही है।

सानिया ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसके ढेर सारे कारण हैं। मैं नहीं खेलूंगी, यह कहने में जितना आसान है उतना है नहीं। मुझे लगता है कि मेरे ठीक होने में अधिक समय लग रहा है। मेरा बेटा तीन साल का है, मैं उसके साथ इतनी यात्रा करके उसे जोखिम में डाल रही हूं, यह कुछ ऐसा है जिसे मुझे ध्यान में रखना है। मेरा शरीर कमजोर हो रहा है। आज मेरा घुटना बहुत दर्द कर रहा था और मैं यह नहीं कह रही कि हम इस वजह से हार गए, लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, ठीक होने में समय लग रहा है।

उल्लेखनीय है कि 35 वर्षीय सानिया मिर्जा ने मार्च 2019 में बेटे को जन्म देने के बाद टेनिस में वापसी की थी, लेकिन बाद में कोरोना महामारी ने उनकी खेल में प्रगति को प्रभावित कर दिया। उल्लेखनीय है कि सानिया मिर्जा 2003 से 2013 में लगातार एक दशक तक महिला टेनिस संघ के एकल और डबल में शीर्ष पर भारतीय टेनिस खिलाड़ी के स्थान पर रहीं थी। मात्र 18 वर्ष की आयु से टेनिस खेल को लेकर चर्चित होने वाली इस खिलाड़ी को 2006 में पद्मश्री सम्मान दिया गया था। इसके साथ ही सानिया यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। सानिया को 2006 में अमेरिका में मोस्ट इम्प्रेसिव न्यू कमर एवार्ड प्रदान किया गया था। 2003 में उन्हें भारत की तरफ से वाइल्ड कार्ड एंट्री मिलने के बाद सानिया मिर्ज़ा ने शानदार तरीके से विम्बलडन में डबल्स के दौरान जीत हासिल की।

जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 22 रन से हरा कर सीरीज में 1-1 से की बराबरी

पल्लेकेल, 19 जनवरी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजों तेंदई चतारा (52 रन पर तीन विकेट) तथा ब्लेसिंग मुजरबानी (56 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने मंगलवार को यहां दूसरे वनडे क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 22 रन से हरा कर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। मेहमान जिम्बाब्वे ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी से निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 302 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान श्रीलंका कप्तान दासुन शनाका के शतक के बावजूद 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 280 रन बना पाया। शीर्ष चार बल्लेबाजों ने जिम्बाब्वे के लिए 212 रन जोडे। सलामी बल्लेबाजों ताकुद्ज्वानाशे कैटानो और रेजिस चकाब्वा ने अच्छी शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की। दूसरा विकेट हालांकि 31 रन के अंदर गिर गया। 90 के स्कोर पर चकाब्वा के रूप में दूसरा विकेट गिरा, लेकिन तीसरे विकेट के लिए कप्तान क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स के बीच 106 रन की बडी साझेदारी हुई और अंत में अनुभवी एवं सीनियर ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने बल्ले के साथ चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 46 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली। कप्तान एर्विन ने 10 चौकों के सहारे 98 गेंदों पर सर्वाधिक 91 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया विलियम्स ने 56 गेंदों

इंग्लैंड और द.अफ्रीका की जीत में चमके कप्तान

त्रिनिदाद और टोबैगो, 19 जनवरा। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस और इंग्लैंड के टॉम प्रेस्ट ने मंगलवार को यहां आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपनी-अपनी टीम के लिए मैच विजयी कप्तानी पारी खेली।

बेबी एबी के नाम से मशहूर ब्रेविस ने 108 रन बनाए और एक विकेट भी हासिल किया। उनके शानदार प्रदर्शन के कारण दक्षिण अफ्रीका ने त्रिनिदाद में खेले गए युगांडा को 121 रनों से हरा दिया। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान प्रेस्ट ने कनाडा के खिलाफ 93 रन की पारी खेली और दो विकेट चटकाए. उमके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने कनाडा पर 106 रनों की जीत दर्ज की।

क्वींस पार्क ओवल में पहले बल्लेबाजी करने उतरे युवा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने पावरप्ले में सलामी बल्लेबाज एथन-जॉन कनिंघम (1) और वेलेंटाइन किटाइम (12) का विकेट खो दिया।इसके बाद बल्लबाजी करने उतरे बेबी एबी ने दूसरी और तीसरी गेंद पर बैक-फुट पर शानदार शॉट खेलकर बाउंड्री बटोरी। ब्रेविस ने तेजी से बल्लेबाजी कर गेंदबाजों पर दबाव डाला। उन्होंने काडेन सोलोमन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। इस बीच दूसरी ओर से विकेट नियमित रूप से गिरते रहे, लेकिन ब्रेविस दूसरे छोर पर जमे रहे और 41 वें ओवर में 108 गेंदों पर शतक पूरा किया और अपनी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट 24 रन के भीतर खो दिए। युगांडा की ओर से जुमा मियागी ने (3-33) और पास्कल मुरुंगी ने (3-58) तीन-तीन विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछे करने उतरी युगांडा की टीम ने जल्द ही विकेट खो दिया। बाएं हाथ के एफिवे म्यांडा ने दूसरे ओवर में रोनाल्ड ओमारा को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मुतगाना और इसहाक अटेगेका ने पारी को संभाला और स्कोर 33 रन पहुंचाया। म्यांडा ने सुलेमान को अपना दूसरा शिकार बनाया। यह पारी की सबसे बडी साझेदारी साबित हुई। युगांडा ने अपने आखिरी पांच विकेट 24 रन पर गंवा दिए। इसके चलते पूरी टीम 110 रनों पर आल आउट हो गई। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका का अभियान शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ समाप्त होगा जबकि युगांडा का सामना शनिवार का ग्रुप लीडर्स भारत से होगा। इस बीच इंग्लैंड जिसे बंगलादेश ने पिछले मैच में केवल 98 रन का लक्ष्य दिया था, को इस बार वार्नर पार्क में कनाडा के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी की दमखम दिखाने को मौका मिला।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैकब बेथेल (7) को सातवें ओवर में बोल्ड हो गए। इसके बाद जॉर्ज थॉमस और कप्तान टॉम प्रेस्ट ने कनाडा के गेंदबाजी आक्रमण को बेबस कर दिया। प्रेस्ट ने विशेष रूप से गेंद की लंबाई को अच्छे से परखा और पावर प्ले में इंग्लैंड ने एक विकेट पर 48 रन पर बना लिए। प्रेस्ट ने 58 गेंदों में अपना

सिंधु ने आसान जीत से की नये सफर की शुरूआत

लखनऊ, 19 जनवरी। दो साल से खिताब की तलाश कर रही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुर सुपर 300 में हमवतन तान्या हेमंत को मात्र 27 मिनट में घुटनो पर लाकर नये सफर का शानदार आगाज किया।

गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में महिला एकल में टॉप सीड पीवी सिंधु ने हेमंत को 21-9, 21-9 से हरा कर अंतिम 16 में अपना स्थान पक्का किया। विश्व रैंकिंग में नंबर सात पीवी सिंधु को दुनिया की 132वें नंबर की खिलाडी तान्या के खिलाफ कुछ मौकों पर मशक्कत करनी पडी लेकिन सिंधु ने अपने अनुभव के सहारे मुकाबला अपने नाम किया।

पहले गेम में तान्या ने कुछ अंक जुटाए लेकिन सिंधु ने उम्दा कोर्ट कवरेज के सहारे अंक जुटाने शुरू किए और पहले 8-3 और फिर 14-5 की बढ़त बनाई।

इसके बाद तान्या चार अंक और जुटा सकी। सिंधु ने उम्दा स्मैश और ड्राप शॉट के सहारे तान्या को खासा छकाया और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। दूसरे गेम में शुरूआती दौर में तान्या ने शानदार स्मैश के जरिये बढ़त बनाई।

दोनों के बीच एक-एक अंक के लिए संघर्ष हुआ लेकिन सिंधु ने 8-4 से बढ़त के बाद 16-8 के स्कोर से लगातार अंक जुटाते हुए 20-8 स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया लेकिन अगली ही सर्विस पर तान्या ने गेम प्वाइंट बचाया। हालांकि कुछ पल बाद सिंधु ने अंक जुटाते हुए 21-9 से मैच अपने नाम कर लिया।सिंधु का दूसरे दौर में अमेरिका की लॉरेन लाम से करियर में पहली बार मुकाबला होगा।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अमित कुमार झा, सम्पर्क नम्बर - 7073340715 / 9874702021
IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 25.02.2022 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड) को 26.04.2021 को बकाया रूपये 23,94,041.10/- की मै. टौंक टाइल्स कलैक्शन एवं श्रीमती निशा कटयार, पंकज कटयार (ऋण ग्रहिता-सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

ऑक्शन स्टेट्स

आरक्षित मूल्य	रूपये 18,11,520/-
बयाना राशि जो जमा होगी	रूपये 181152/-
बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि	24.02.2022 को सायं 5.00 तक
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	18.02.2022 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक
नीलामी की तिथि	25.02.2022 प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 तक
सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति फ्लैट नं. ई-एस-5, प्लाट नं. बी-53-सी, न्याय वाटिका बीलना, तहसील-सांगानेर जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग सीमायें है, पूर्व-कोरीडोर, पश्चिम-असमान को खुला, उत्तर-अन्य फ्लैट, दक्षिण-अन्य फ्लैट

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 18.01.2022
स्थान - जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)